कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक- 07.07.2024

विषयः- 08 महीने से अधिक समय से गुमशुदा व्यक्ति को थाना कैण्ट पुलिस द्वारा सकुशल बरामद कर परिजनों को किया गया सुपुर्द।

श्रीमती प्रेमा देवी पत्नी शंभूनाथ सैनी निवासिनी एस-19/134ए-3 वरुणा पुल जदीद बाजार थाना कैंट जनपद वाराणसी द्वारा अपने पति श्री शंभू नाथ सैनी पुत्र सीताराम माली उम्र करीब 65 वर्ष के दिनांक 26.10.2023 को गुम हो जाने की सूचना थाना कैंट कमिश्नरेट वाराणसी में दिया गया जिस पर गुमशुदा संख्या 07/2024 संबंधित गुमशुदा व्यक्ति शंभू नाथ सैनी पुत्र सीताराम माली निवासी एस-19/134ए-3 वरुणा पुल जदीद बाजार थाना कैण्ट कमिश्नरेट वाराणसी दर्ज किया गया और थाना कैण्ट पुलिस द्वारा सर्विलांस की मदद से विगत 08 महीनों से गुमशुदा व्यक्ति शंभू नाथ सैनी उपरोक्त की तलाश कर उनके परिवार जनों को सकुशल सुपुर्द किया गया।

परिवारजनों द्वारा कमिश्नरेट वाराणसी पुलिस के इस सराहनीय कार्य के लिए भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी तथा धन्यवाद दिया गया।

उक्त सराहनीय कार्य करने वाली पुलिस टीम में थाना कैण्ट के उपनिरीक्षक आयुष पाण्डेय, का0 सचिन मिश्रा व सर्विलांस सेल के हे0का0 दिवाकर वत्स की भूमिका सराहनीय रही।

सोशल मीडिया सेल

पुलिस उपायुक्त

वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।